म०प्र० राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26, अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रं०/बोर्ड/ निर्माण/दिशा-निर्देश/2023-24/ 793 भोपाल, दिनांक 12/04/2023

प्रति,

संयुक्त संचालक/उपसंचालक/कार्यपालन यंत्री,
म०प्र० राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय/तकनीकी संभाग................(समस्त) ।

विषय:- बोर्ड कार्यालय/मंडी समिति कार्यालय तथा उनके आवासीय परिसर एवं मंडी/ उपमंडी प्रांगणों में निर्मित गोदाम/शॉप-कम-गोदाम/ विविध दुकान इत्यादि में स्थापित विद्युतीकरण अंतर्गत विद्युत कनेक्शनों के निरीक्षण बाबत् ।

उपरोक्त विषय के संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रसारित किये जाते है:-

(1) बोर्ड कार्यालय एवं मंडी समिति कार्यालय तथा उनके आवासीय भवनों में स्थापित विद्युतीकरण अंतर्गत विद्युत कनेक्शनों का तत्काल निरीक्षण करावें, कि विद्युत कनेक्शन के वायर अव्यवस्थित रूप से फैलकर उनमें कटाव आदि होकर ढीले एवं लोड आदि भी स्थापित विद्युत क्षमता के सापेक्ष अधिक तो नहीं है, ताकि शार्ट-सर्किट एवं अप्रत्याशित आगजनी की स्थिति की संभावना न रहे। निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार की न्यूनता अथवा कमी पायी जावे तो प्राथमिकता के आधार पर उनका सुदृढ़ीकरण कार्य सुनिश्चित कराया जावे।

(2) इसी तरह मंडी समितियां भी मंडी/उपमंडी प्रांगणों में निर्मित/अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों इत्यादि को आवंटित किये गये गोदाम/शॉप-कम-गोदाम/ विविध दुकानों के भी विद्युत कनेक्शनों का बिन्दु क्रमांक (1) अनुरूप आवंटिती अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी इत्यादि निरीक्षण कराकर अपने स्वयं के संसाधन से सुदृढ़ीकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु आबद्ध-कारी निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करावें।

अत: उपरोक्तानुसार निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराते हुए संयुक्त संचालक/उपसंचालक, मंडी बोर्ड, आंचलिक कार्यालय एवं कार्यपालन यंत्री, मंडी बोर्ड, तकनीकी संभाग प्रगति का संयुक्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे ।

(गौतम सिंह)
प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म०प्र० राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रं0/बोर्ड/ निर्माण/दिशा-निर्देश/2023-24/ 494 भोपाल, दिनांक 12/07/2023

प्रतिलिपिः- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

(1) अपर संचालक / संयुक्त संचालक/ उपसंचालक (समस्त), म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।

(2) अधीक्षण यंत्री, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल ।

(3) सचिव, कृषि उपज मंडी समिति..........................(समस्त) ।

प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल